आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 31.01.2026** **समय : 02.10pm**

**प्रधानमंत्री–पंजाब**

संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पंजाब का दौरा करेंगे। वे इस दौरान आदमपुर हवाई अड्डे का भी दौरा करेंगे। वहां प्रधानमंत्री इस हवाई अड्डे का नाम बदलकर आदमपुर श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि आदमपुर हवाई अड्डे का नाम बदलकर आदमपुर हवाई अड्डा रखना पूजनीय संत और समाज सुधारक को प्रतीकात्मक सम्मान को दर्शाता है। श्री गुरु रविदास जी की समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित कर रही हैं।

**गृहमंत्री सभा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में ममता बनर्जी सरकार पर जमकर प्रहार किया। शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, जिससे राज्य की सुरक्षा और जनसांख्यिकी खतरे में है। गृहमंत्री ने कहा कि जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है और इस बार भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण वाली सरकार की विदाई निश्चित है। अमित शाह ने कहा–

**सीएम– किसान कल्याण वर्ष**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कमिश्नरों और कलेक्टरों के साथ 'किसान कल्याण वर्ष–2026' की प्रभावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस वर्ष को 'समृद्ध किसान–समृद्ध प्रदेश' के संकल्प के साथ मिशन मोड में लागू किया जाए। डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि 16 सरकारी विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे ताकि सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुँचाने और किसानों की आय बढ़ाने के 10 मुख्य संकल्पों को पूरा किया जा सके। बैठक में शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, सूक्ष्म सिंचाई, और जिला स्तर पर क्लस्टर आधारित विकास को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया गया।

**नीट–पीजी**

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय– डीजीएचएस ने आज बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातकोत्तर राउंड 3 काउंसलिंग प्रक्रिया फिर शुरू हो चुकी है। पात्र उम्मीदवारों को और अवसर प्रदान करते हुए अतिरिक्त सीटें भी शामिल की गई हैं। पात्र उम्मीदवारों को काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने और तदनुसार विकल्प चुनने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**मौसम**

प्रदेश के उत्तरी हिस्से में मौसम ने करवट ले ली है। ग्वालियर, रीवा सहित करीब 20 जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के बाद प्रदेश में आंधी और बारिश का सिलसिला शुरू होगा। इसे देखते हुए 1, 2 और 3 फरवरी के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हो रहा है। 2 से 5 फरवरी के बीच पश्चिम और उत्तर भारत में यह सिस्टम मजबूत रहेगा, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी दिखेगा। इसके

चलते 10 फरवरी तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। 1 फरवरी को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

**समाचार संक्षेप**

- प्रदेश में राज्य शासन ऊर्जा विभाग की बकाया बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना में तीन माह से पुराने बकाया बिल होने पर एक मुश्त मूल बकाया राशि जमा करने पर सरचार्ज माफी सौ फीसदी तक दी जा रही है। इस सौ प्रतिशत सरचार्ज माफी की आज अंतिम तिथि है।
- भोपाल के गुलाब उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में आज "सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- नीमच में रतलाम रेल मंडल ने ट्रेनों पर पथराव और ट्रैक से छेड़छाड़ रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और रेल संचालन में बाधाओं को दूर करना है।
- घुमंतू समुदाय की लुप्त होती बोलियों के लिए 'डिजिटल शब्दकोश' तैयार करने पर डॉ. कलमधार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सम्मानित किया, यह डिक्शनरी शब्दावली संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी।
- भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और आखिरी मुकाबला आज खेला जाएगा। यह मैच शाम सात बजे से तिरुवनन्तपुरम में शुरू होगा।

------------------------------